# जिला कलेक्टर ने ग्राम पंचायत जूनाखेड़ा में जनसुनवाई की



आमजन से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

**झालावाड़,** (निसं)। आमजन से संबंधित समस्याओं के निस्तारण हेतु प्रत्येक माह के प्रथम गुरूवार को आयोजित ग्राम पंचायत स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग के माध्यम से राज्य की मुख्य सचिव उषा शर्मा ने कहा कि आमजन इन जनसुनवाई शिविरों का लाभ उठाते हुए अपने परिवादों का निस्तारण करवाएं। उन्होंने जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित से जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रकरणों एवं निस्तारित परिवादों के बारे में जानकारी ली।

पंचायत समिति झालरापाटन की ग्राम पंचायत जूनाखेडा में जिला कलक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित किया गया। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से संबंधित 15 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें से 3 प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण करते हुए परिवादियों को राहत प्रदान की गई तथा शेष प्रकरणों में शीघ्र ही पालना रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

जिला कलेक्टर ने प्रत्येक परिवादी की समस्या को बड़ी गंभीरता के साथ सुना और मौके पर उपस्थित संबंधित विभाग के अधिकारी को बुलाकर परिवादी की समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 3 प्रकरण राजस्व विभाग, 3 पंचायतीराज विभाग, 4 रेलवे, एवं सहकारिता, सार्वजनिक निर्माण, बैंक, खाद्य सुरक्षा, वन विभाग से संबंधित एक-एक प्रकरण प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम झीतापुरा के रास्ते में पानी भरने की समस्या के समाधान हेतु नायब तहसीलदार एवं रेलवे अधिकारी को मौके पर जाकर रास्ते की समस्या का उचित समाधान करने के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान उपखण्ड अधिकारी असनावर श्याम सुन्दर चेतीवाल, विकास अधिकारी झालरापाटन भौमसिंह इन्दा, तहसीलदार गजेन्द्र शर्मा, नायब तहसीलदार भैंरूलाल मीणा, सरपंच इन्द्रा बाई भील, सामाजिक न्याय एवं अधिकारी विभाग के सहायक निदेशक गौरी शंकर मीना, सांख्यिकी विभाग के सहायक निदेशक हीरालाल जाटव, डीओआईटी के उप निदेशक बाबूलाल कांवरिया, सीबीईईओ प्रकाश चन्द सोनी सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## रक्तदान कर रक्तदान महादान का संदेश दिया

**बूंदी** (निसं)। संकल्प सेवा संस्थान के आफताब भट्टी ने कोटा से बूंदी ब्लड बैंक आकर रक्तदान कर एक प्रसूता का जीवन बचाया। संकल्प सेवा संस्थान की अध्यक्ष महिमा शर्मा ने बताया कि बूंदी ब्लड बैंक हाल में ए पॉजिटिव की कमी से गंभीर रूप से जूझ रहा है।

हाल में ब्लड बैंक में ए पॉज़िटिव ब्लड ग्रुप का बफ़र स्टॉक भी अंतिम साँसे ले रहा हैं। इसी दौरान आज जब बूंदी सामान्य चिकित्सालय के महिला वार्ड में एक प्रसूता महिला हेतु एक यूनिट ए पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की आवश्यकता थी एवं बूंदी ब्लड बैंक में ए पॉजिटिव ब्लड की कमी के कारण ब्लड उपलब्ध नहीं हो पा रहा था इस पर संकल्प सेवा संस्थान के स्वयंसेवक आफ़ताब भट्टी को फोन पर आग्रह किया गया। जिस पर आफ़ताब भट्टी ने सभी कार्य छोड़कर मानवता को प्राथमिकता देते हुए कोटा से बूंदी आकर रक्तदान किया।

संकल्प सेवा संस्थान के सदस्य अभिषेक दाधिच ने बताया कि संस्था वर्षों से स्वैच्छिक रक्तदान जागरूकता अभियान चला रही है। लोगों को आगे आकर स्वैच्छिक रक्तदान जरूर करना चाहिए। इस दौरान भाजपा ज़िला प्रवक्ता निर्मल मालव, संस्था सदस्य नितिन जैन, ब्लड बैंक स्टॉफ स्टॉफ अरविन्द गौतम, दिव्या शर्मा आदि मौजूद रहे।

# दुधालिया में चातुर्मास के लिए मंगल प्रवेश



डग के समीप मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित दुधालिया नगर में पू सा कमल प्रभा श्रीजी मसा आदि ठाणा का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ।

**डग** (निसं)। डग के समीप मध्यप्रदेश सीमा पर स्थित दुधालिया नगर में आज पू सा कमल प्रभा श्रीजी म सा आदि ठाणा का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश हुआ।

प्रवेश सामैया राजीव गांधी भवन दुधालिया से प्रारंभ हो कर नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए जैन भवन पहुंचा। नगर में पूज्य को जगह- जगह अक्षत की गवली कर बधाया गया। पूरे हर्षोल्लास से नाचते गाते हुए पूज्य श्री का प्रवेश हुआ। सामैया नगर भ्रमण के बाद जैन भवन पहुंचा जहां पर युवा मंडल,बालिका मंडल,महिला मंडल ने अपने उद्गार प्रकट किए। प्रमोद बाफना ने बताया की आज से 20 वर्ष पूर्व दुधालिया नगर का प्रथम ऐतिहासिक चातुर्मास संपन्न हुआ था, उन्ही साध्विवर्या का पुनः हमारे संघ को चातुर्मास मिला यह बड़े सौभाग्य की बात है।आज के कार्यक्रम के संपूर्ण लाभार्थी गौतमचंद बाफना दुधालिया वाला मंदसौर रहे। साथ ही आज के इस अवसर पर सिद्धचक्र महापूजन का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूज्य साध्वी के द्वारा प्रवचन हुए जिसमे उन्होंने बताया की चातुर्मास धर्म आराधना एवं तपस्या का सुनहरा अवसर है। अंत में मंगलाचरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## सार-समाचार

### स्वरोजगार में औजारों का उपयोग करने वाले को 5 हजार की सहायता

**झालावाड़,** (निसं)। राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड जयपुर की ओर से परियोजना प्रबन्धक अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड झालावाड़ में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना में वर्ष 2021-22 में बैंक द्वारा ऋण प्राप्त करने वाले अनुसूचित जाति/वाल्मिकी समुदाय के बीपीएल या समकक्ष वार्षिक आय (शहरी में 60 हजार 120 एवं ग्रामीण क्षेत्र में 54 हजार 300 रुपये निर्धारित) वाले ऐसे ऋणी जो अपने स्वरोजगार में औजारों का उपयोग करते है। ऐसे ऋण प्राप्त व्यक्ति औजार (टूल किट) के लिए 5 हजार रूपये की सहायता राशि प्राप्त करने के पात्र हैं। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु आशार्थी बैंक द्वारा स्वीकृत मुद्रा ऋण का स्वीकृती पत्र, औजार खरीदने का मूल बिल एवं औजारों के साथ खुद का फोटो एवं आवश्यक दस्तावेज (आय, जाति प्रमाण पत्र, जनआधार कार्ड, आधारकार्ड, स्वयं की बैंक खाते की छायाप्रति इत्यादि) जिला निगम कार्यालय में प्रस्तुत कर योजना का सीधे लाभ प्राप्त कर सकते है। अन्य जानकारी के लिए जिला निगम कार्यालय अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लिमिटेड मिनी सचिवालय कमरा नं. 432 झालावाड़ में सम्पर्क कर सकते हैं।

### हैल्दी लीवर अभियान की जानकारी दी

**बूंदी** (निसं)। जिले में गुरूवार को सभी चिकित्सा केन्द्रों पर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस (एमसीएचएन) मनाया गया। साथ ही हैल्दी लीवर अभियान के अंतर्गत जानकारी एवम आवश्यक जांचे भी की गई। खण्ड स्तर पर जनचेतना रैली निकालकर आमजन को हैपेटाइटिस एवम हैल्दी लीवर के बारे में जानकारी भी दी गई। इसके लिए सभी बीसीएमओ का आवश्यक दिशा निर्देश पूर्व में ही जारी किए गए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेंद्र कुमार त्रिपाठी ने बताया कि गुरूवार को स्वास्थ्य केन्द्रों पर एमसीएचएन दिवस मनाया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांचे की गई और गर्भवती महिलाओं व शिशुओं का टीकाकरण किया गया। साथ ही एनिमिया जांच के लिए रक्त पट्टिकाएं ली गई और पोषण संबंधित सलाह भी दी गई। डॉ त्रिपाठी ने बताया कि एमसीएचएन दिवस पर निःशुल्क एएनसी जांचें और टीकाकरण किया जाता है। इसके लिए मॉनिटरिंग भी ओडीके के माध्यम से की जाती है

### शैलेन्द्र यादव राष्ट्रीय समन्वयक और गुजरात कांग्रेस के ओबीसी विभाग के प्रभारी बने

**झालावाड़,** (निसं)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ के चैयरमेन कैप्टन अजय सिंह यादव ने गुरुवार को दिल्ली में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य शैलेन्द्र यादव को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय समन्वयक व गुजरात कांग्रेस प्रभारी बनाया गया अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ओबीसी प्रकोष्ठ का समन्वयक तरह गुजरात प्रदेश कांग्रेस प्रभारी बनने पर राजस्थान राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य शैलेन्द्र यादव ने कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी राहुल गांधी प्रियंका गांधी, ओबीसी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय समन्वयक अजय सिंह यादव तथा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष सचिन पायलट का आभार जताते हुए यादव ने कहा कि पार्टी द्वारा दी गयी जिम्मेदारी का पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वहन करूंगा शैलेन्द्र यादव के समन्यवक व गुजरात प्रभारी बनाये जाने से झालावाड जिले में यादव के समर्थकों में खुशी का माहौल है।

### जनसुनवाई आयोजित

**बून्दी** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा आमजन की समस्याओं के तत्वरित समाधान के लिये शुरू की गई त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को रामगंज बालाजी ग्राम पंचायत परिसर मे जनसुनवाई आयोजित की गई। रामगंज बालाजी सरपंच रामलाल सैनी ने बताया कि जनसुनवाई के दौरान ग्रामीणो ने ग्राम पंचायत में आकर विभिन्न समस्याएं रखी जिनका मौके पर ही संबंधित विभागो से निस्तारण करवाया गया। जनसुनवाई के दौरान मनरेगा, पेयजल, जॉब कार्ड, पेंशन, जन्म मृत्यु आदि की समस्याएं सुनी गई। जनसुनवाई के दौरान ग्राम विकास अधिकारी फुंदीलाल सैनी, पटवारी लक्ष्मणलाल, कनिष्ठ लिपिक भारती शर्मा, वरुण टेलर आदि मौजूद रहे।

### मृतक आश्रितों को सहायता के लिए पत्र लिखा

**बूंदी** (निसं)। जिला प्रमुख चन्द्रावती कंवर ने आकाशीय बिजली गिरने से हुई जनहानि की सहायता राशि स्वीकृत करवाने के लिए जिला कलक्टर को पत्र लिखा है। जिला प्रमुख ने बताया कि 6 जुलाई को जिले की नैनवां पंचायत समिति क्षेत्र के ग्राम अरियाली में किसान रमेश मीणा तथा ग्राम सुसाडिया में भैरूप्रकाश प्रजापत की खेत पर कार्य करते समय आकाशीय बिजली गिरने से मुत्यु हो गई थी। उन्होंने मृतकों के परिवारजनों को नियमानुसार सहायता राशि स्वीकृत करवाने की कार्यवाही की जावे।

### राष्ट्रीय शिक्षुता मेला 11 जुलाई को

**बूंदी** (निसं)। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 11 जुलाई को सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता मेला आयोजित होगा। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि मेले में बूंदी जिले के विभिन्न प्रतिष्ठानों के प्रतिनिधियों द्वारा ऑन-द-स्पॉट इंटरव्यू और मूल्यांकन कर अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण का ऑफर दिया जाएगा। इसमें 5वीं से 12वीं पास, स्किल ट्रेनिंग सर्टिफिकेट होल्डर्स और आई.टी.आई. डिप्लोमा धारक भाग ले सकेंगे।

### बाइक फिसलने से युवक घायल

**रामगंजमंडी** (निसं।)खैराबाद के समीप बाइक फिसलने से युवक मेहरबान सिंह निवासी लसूडिया गंभीर घायल हो गया।वहां से गुजर रहे लोडिंग ऑटो चालक मोहम्मद आरिफ सूरज और दीपक ने उसे देखा तो ऑटो में उसे गंभीर अवस्था में खैराबाद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए जहां उसकी हालत गंभीर होने के कारण रामगंजमंडी अस्पताल रैफर किया।

## जिला कलेक्टर ने आमजन की समस्याएं सुनी

**बूंदी** (निसं)। राज्य सरकार द्वारा समस्याओं के त्वरित समाधान कर आमजन को राहत पहुंचाने की मंशा से शुरू हुई त्रि स्तरीय जन सुनवाई व्यवस्था का मकसद उस समय साकार हो गया, जब जन सुनवाई में रोते हुए पहुंचा सीताराम राज्य सरकार और जिला प्रशासन को दुआएं देता हुआ अपने घर को लौट गया। ग्राम स्तर पर ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार ने जो व्यवस्था कायम की है, उससे आने वाले समय में ग्रामीणों को अपनी समस्याएं लेकर इधर, उधर भटकने से मुक्ति मिल जाएगी।

सीताराम को पास बिठाया, समस्या जानी और योजनाओं का लाभ दिलाया मेण्डी पंचायत में जिला कलक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी जब आमजन की समस्याएं सुन रहे थे, इसी बीच मेण्डी निवासी सीताराम भी अपनी परिवेदना लेकर पहुंचा। समस्या बताते हुए सीताराम की रूलाई फूट पडी, तो जिला कलक्टर ने संवेदशीलता दिखाते हुए उसे अपने पास बिठाया और उसकी समस्याओं के बारे में पूछा। सीताराम की समस्या सुन जिला कलक्टर ने उसे भरोसा दिलाया कि सरकार ने यह व्यवस्था उसके जैसे लोगों की समस्याओं का घर बैठे समाधान करने के लिए ही शुरू की है। जिला कलक्टर ने जन सुनवाई में मौजूद अधिकारियों को सीताराम की समस्या का मौके पर समाधान कर राहत देने के निर्देश दिए।

जन सुनवाई के दौरान ही जिला कलक्टर ने सीताराम को उसके पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी उसे सौंप दिया। उपखण्ड अधिकारी हिण्डोली अमित चौधरी ने सीताराम को चिरंजीवी योजना में ऑन लाईन आवेदन कराया। सीताराम को आवास का पट्टा देने की प्रक्रिया भी मौके पर ही शुरू कर दी गई। इस दौरान सीताराम के पक्के आवास का आवेदन प्राप्त कर भारत सरकार द्वारा आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरू करने पर उसे प्राथमिकता से आवास स्वीकृत कराने का भरोसा दिलाया।

# विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया



मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रामदेवली मीणा ने बरड़ क्षेत्र के विद्यालयों प्राथमिक विद्यालयों में छात्र छात्राओं की शिक्षा की गुणवक्ता की जानकारी ली।

**डाबी** (निसं)। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, तालेडा रामदेवली मीणा ने बरड क्षेत्र के विद्यालयों प्राथमिक विद्यालय बेवडिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय गणेशपुरा, प्राथमिक विद्यालय कालबेलिया बस्ती, उच्च प्राथमिक विद्यालय बडफू का औचक निरीक्षण किया।

बडफू विद्यालय की शिकायत प्राप्त होने पर सीबीईओ तालेडा ने औचक निरीक्षण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान शिकायत झूठी पायी गयी। एस.एम.सी. सदस्यों और ग्रामीणों ने विद्यालय के नियमित और सुचारू रूप से चलने की जानकारी दी। साथ ही विद्यालय से किसी भी प्रकार की शिकायत नही होने की बात कही।

सीबीईओ ने कक्षा में जाकर बच्चों के शैक्षिक स्तर को जांचा, विद्यालय परिसर की गंदगी पर सीबीईओ ने नाराजगी जतायी साथ ही नियमित रूप से साफ सफाई रखने के निर्देश दिए। विद्यालय के रिकॉर्ड, पोषाहार कार्यक्रम और हाउस होल्ड सर्वे का भी अवलोकन किया। वही अन्य विद्यालयों की व्यवस्थाऐं संतोषप्रद पायी गयी। गणेशपुरा विद्यालय में सीबीईओ ने पौधरोपण भी किया। इस दौरान सन्दर्भ व्यक्ति समर्थ सिंह, कार्यवाहक पीईईओ कमल किशोर टेलर, व्याख्याता अभिनंदन त्रिवेदी, एसएमसी सदस्य लालचंद और अन्य ग्रामीण भी मौजूद रहे।



बूंदी शहर के खोजागेट रोड स्थित गणपति सेवा आश्रम में गुरूवार को इनरव्हील क्लब द्वारा सेवा कार्य के तहत 100 जरूरतमंद लोगों को अध्यक्ष सुलोचना शर्मा व सरबजीत कौर की ओर से भोजन कराया गया। प्रोजेक्ट डायरेक्टर सुमित्रा ओझा की ओर से जरूरतमंद लोगों को भोजन कराने के लिए एक बोरी गेहूं भी आश्रम में भेंट की गई। अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि क्लब द्वारा सेवा का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर सचिव सुनीता सोमानी, रजनी नुवाल, श्वेता भंडारी, डॉ अंकिता अग्रवाल आदि क्लब सदस्य मौजूद रहे।

## डाक विभाग ला रहा ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड पॉलिसी

- 11 जुलाई से ले सकेंगे लाभ, 299 रुपये की प्रीमियम, 10 लाख का बीमा मिलेगा

**बूंदी** (निसं)। भारतीय डाक विभाग द्वारा कोविड महामारी काल के दौरानके माध्यम से आम जनता को घर घर जाकर सभी सेवाएँ उपलब्ध करवाई गयी थी, जिससे आम जनता को बहुत लाभ मिला था। उसी की निरंतरता में एक नयी योजना ग्रुप एक्सिडेंट गार्ड पॉलिसी पेश की जा रही है, यह पॉलिसी भारतीय डाक विभाग के बैंक इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एवं टाटा ए.आई.जी. इंश्योरेंस द्वारा संगठित रूप से जारी की जा रही है।

टोंक मण्डल डाकघर अधीक्षक एच.एल.बैरवा की अध्यक्षता में 11 जुलाई कोयोजना का लॉगिन-डे मनाया जा रहा है। ग्रुप एक्सिडेंट गार्ड पॉलिसी के तहत आम जनता दुर्घटनावश मृत्यु कवर एवं दुर्घटनावश स्थायी रूप से विकलांगता, आंशिक विकलांगता, अंग-विच्छेद, पैरालिसिस होने पर 10 लाख रुपए का बीमा लाभ ले सकते हैं।

इसके साथ ही दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं से होने वाली शारीरिक और आर्थिक बाधाओं के विरुद्ध 60000 रुपए तक का दुर्घटनावश चिकित्सा व्यय आईपीडी व 30 हजार रुपए तक का दुर्घटनावश चिकित्सा व्यय ओपीडी का लाभ ले सकते हैं।

इसके लिए मात्र 299 रूपए वार्षिक प्रीमियम में सुरक्षा प्राप्त कर सकते हैं एवं 399 रुपए के वार्षिक प्रीमियम में उक्त लाभ के साथ ही अधिकतम दो पात्र बच्चों के लिए शिक्षा लाभ, अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान दैनिक नकद, परिवार के लिए परिवहन संबंधी लाभ, अंतिम संस्कार संबंधी लाभ भी लिये जा सकते हैं।

एक्टिव एंड यूजर्स नियुक्त, पात्रताएं निर्धारित पॉलिसी के लिए एक्टिव एंड यूजर्स नियुक्त किए गए हैं, जो कि डाक विभाग के ही शाखा डाकपाल हैं। पॉलिसी लेने हेतु केवल आपका आई.पी.पी.बी. अथवा डाकघर बचत खाता होना चाहिए। खाता होने पर आप मात्र पाँच मिनिट में पॉलिसी के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

यदि खाता नहीं है तो इसके लिए आप आई.पी.पी.बी. खाता भी तुरंत खुलवा सकते हैं, जिसके लिए केवल आधार कार्ड व मोबाइल नं. की आवश्यकता है। इस तरह मात्र दस मिनिट में ही आप पूरे साल के लिए दुर्घटना बीमा करवा ले सकते हैं। अतः आम जनता से निवेदन है कि उक्त पॉलिसी के लिए टोंक व बूंदी जिले में दिनांक 11 जुलाई को रखे गए मेले के दौरान अपने नजदीकी शाखा डाकघर/ उपडाकघर/ प्रधान डाकघर में अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें व उक्त पॉलिसी के तहत अधिक से अधिक लाभ उठा सकेंगे।

## कापरेन के 5 वर्षीय अतुल की कैशलेस हार्ट सर्जरी हुई

- चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना से जीवनदान मिला

**बून्दी** (निसं)। जन्मजात बीमारियों से ग्रसित बच्चों के लिए राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम वरदान साबित हुआ। इस स्वास्थ्य कल्याणकारी कार्यक्रम में चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कापरेन के 5 वर्षीय अतुल की कैशलेस हार्ट सर्जरी हुई।

राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत कापरेन के 5 वर्षीय अतुल , जो कि जन्मजात दिल में छेद की बीमारी से ग्रसित था, का निशुल्क ऑपरेशन चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कोटा हार्ट हॉस्पिटल कोटा में किया गया। अतुल के पिता मजदूरी का कार्य करते है परिवार ने अतुल की दिल की बिमारी को भाग्य का लेखा मानकर स्वीकार कर लिया था। अतुल के पिता ने अतुल को कोटा के निजी चिकित्साल्य मे 2017 मे दिखाया तो उन्हे 4 से 5 लाख का खर्चा बताया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ महेन्द्र कुमार त्रिपाठी के प्रयासो से अतुल का सफल ऑपरेशन कोटा के निजी अस्पताल मे हुआ जिसमे अतुल के दिल में छेद था। अतुल का ऑपरेशन सफल रहा परिजनो ने ऑपरेशन एवं विभाग के सहयोग पर संतोष जाहिर करते हुए सभी को साधुवाद दिया। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के माध्यम से अतुल को एक नया जीवन मिला है चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग बून्दी के सकारात्मक प्रयासो से अतुल को हृदय रोग से मुक्ति मिली। चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कैशलेस उपचार होकर जन्मजात बीमारी से निजात पाकर अतुल स्वस्थ हो चुका है। अतुल को सीएमएचओ डॉ. त्रिपाठी, आरसीएचओ डॉ. पुष्पचन्द मीणा और अतिरिक्त नोडल अधिकारी डॉ प्रियंका भारद्वाज ने सुस्वास्थ्य की मंगलकामना दी। अतुल की हैल्थ स्क्रीनिंग डॉ. जे पी मीणा एवं डॉ. प्रीति नामा और ए एन एम मनजीत कौर ने आंगनवाड़ी केंद्र में किए गए हैल्थ सर्वे के दौरान की थी।

# सोयाबीन फसल में उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया



चम्बल फर्टिलाईजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की कृषि विकास प्रयोगशाला गढ़ेपान द्वारा सोयाबीन खेती की उन्नत तकनीकों पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन हुआ।

**अंता** (निसं)। बारां क्षेत्र में खरीफ में सोयाबीन मुख्य फसल है लेकिन विगत कुछ वर्षो से इसकी खेती घाटे का सौदा बनती जा रही है।

साथ ही खेती में सोयाबीन की पुरानी प्रजातियों का प्रयोग अधिक होने के कारण इनकी उत्पादकता काफी कम है। इसी उद्देश्य को ध्यान रखते हुए चम्बल फर्टिलाईजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड की कृषि विकास प्रयोगशाला, गढ़ेपान द्वारा सोयाबीन खेती की उन्नत तकनीकों पर कृषक संगोष्ठी का आयोजन अंता क्षेत्र के बेगना, बेगनी गांव में सात जुलाई, 2022 को आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में किसानो को सोयाबीन की उन्नत खेती के तरीकों से अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम में गांव के लगभग 80-100 प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।

कृषि विकास प्रयोगशाला के कृषि विशेषज्ञ डॉ. जगमोहन सैनी ने किसानो को बताया की इन कार्यक्रमों में किसानों को सोयाबीन खेती के परम्परागत तरीक़ों को छोड़ कर, खेती में उन्नत तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। डॉ. सैनी ने किसानो को बताया की क्षेत्र में सोयाबीन की खेती उन्नत तकनीकों जैसे नई विकसित किस्मों-जेएस-2034, 2029, 2098, फसल की बुवाई के समय फफूंदनाशक, कीटनाशक और कल्चर से बीज उपचार, बुवाई के 24 घंटे के भीतर पेंडमेथालिन खरपतवारनाशी का प्रयोग करें। फसल में मृदा परिक्षण आधारित उर्वरक उपयोग किया गया था। नत्रजन, फॉस्फोरस के साथ पोटाश और सल्फर उर्वरको का प्रयोग बुवाई के समय किया जाना चाहिए।